यूटीयू में तैयार होगी कैंसर की दवा

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) में कैंसर, मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव, सांस की बीमारियां और जोड़ों की बीमारी के इलाज में प्रयोग होने वाली दवा तैयार किए जाने की कार्य योजना है। यूटीयू के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बताया कि विवि का फॉर्मेसी विभाग यूटीयू सेंटर ऑफ हैंप प्रोसेसिंग एंड टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट के तत्वावधान में यह कार्य करेगा। मैसर्स डेल्टा बॉटेनिकल्स एंड रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड, भुवनेश्वर की ओर से औद्योगिक एवं औषधीय भांग की हिमालयन प्रजाति के उपयोग पर अध्ययन किया जाएगा। इस कार्य को करने वाले उद्यमी बिक्रम मित्रा ने बताया कि इसके माध्यम से औद्योगिक व औषधीय भांग के बीज का पंजीकरण कराया जाएगा। संवाद